माता-पिता के लिए संदेश - २०१९ नॉवल करोनावायरस

प्रिय माता-पिता और गार्डीयन,

जैसा कि आपने शायद मीडिया में सुना है, इस महीने की शुरुआत में एक नॉवल (नये) करोनावायरस की पहचान न्यूमोनिया के प्रकोप का कारण के रूप में हुई थी, जो वुहान, चीन में उत्पन्न हुआ था। इस वायरस को अब *2019 नॉवल करोनावायरस* या *2019-nCoV* के रूप में जाना जाता है।

इस वायरस का प्रकोप तेजी से विकसित हो रहा है; हालाँकि अधिकांश केस चीन में हैं, परन्तु कुछ केस थाईलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, अमेरिका और कैनेडा सहित अन्य देशों में भी दर्ज किए गए हैं। कैनेडा में दो केसों की पुष्टि हुई है जो टोरंटो, ओंटारियो में हैं। दोनों व्यक्तियों ने हाल ही में वुहान, चीन की यात्रा की थी जहां यह वायरस उत्पन्न हुआ था और अब वह दोनो व्यक्ति दूसरों से दूर रहते है।

यह जानना महत्वपूर्ण है कि हाल्टन क्षेत्र में कोई भी केस रिपोर्ट नहीं हुआ है। इस समय दी पब्लिक हेल्थ एजेंसी आफ कैनेडा ने इस नए करोनावायरस से जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम का आकलन किया है जो कि कैनेडा के लिए कम है।

नए करोनावायरस सहित श्वसन वायरस के लक्षणों और रोकथाम के बारे में जानकारी सांझा करने के लिए मैं आज आपको लिख रहा/रही हूं।

करोनावायरस क्या है?

करोनावायरस वायरसों का एक बड़ा परिवार है जो आमतौर पर मनुष्यों में हल्के से मध्यम श्वसन लक्षणों का कारण बनता है। सामान्य मानव करोनावायरस बीमारी (जैसे कि; सामान्य सर्दी-ज़ुकाम) वाले अधिकांश लोग अपने आप ठीक हो जाएंगे।

हालांकि, कुछ करोनावायरसों को गंभीर बीमारी का कारण माना जाता है। कुछ मानव करोनावायरस लोगों के बीच आसानी से फैल जाते हैं, जबकि अन्य नहीं फैलते हैं। यह अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं गया है कि 2019-nCoV लोगों में कितनी आसानी से फैलता है, लेकिन व्यक्ति-से-व्यक्ति प्रसार आज तक सीमित है।

2019-nCoV के लक्षण क्या हैं?

2019-nCoV संक्रमण के लक्षणों में शामिल हैं: **बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ**, जो इन्फ्लूएंजा (फ्लू) के लक्षणों के समान हैं।

गंभीर रोग का जोखिम बुजुर्गों में और कमजोर इन्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा प्रणाली) वाले लोगों में अधिक हो सकता है।

यदि आपने या घर के किसी अन्य सदस्य ने हाल ही में वुहान, चीन की यात्रा की है और इन लक्षणों को विकसित किया है, तो आपको दूसरों से दूर रहना चाहिए और 311, 905-825-6000 पर हाल्टन रीजन पब्लिक हेल्थ को फोन करना चाहिए या मुफ्त नम्बर 1-866-444-5866 पर फोन करना चाहिए। गंभीर बीमारी वाले किसी भी व्यक्ति को तत्काल डाक्टरी सहायता लेनी चाहिए।

2019-nCoV जैसे श्वसन विषाणुओं के प्रसार को कैसे रोकें?

2019-nCoV सहित श्वसन वायरस के प्रसार को रोकने में मदद करने के लिए, हम निम्नलिखित की सलाह देते हैं:

- साबुन और पानी से अपने हाथों को बार-बार और अच्छी तरह से धोएं या अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करें;
- खांसने या छींकते समय अपना मुंह और नाक ढक लें;
- यदि आपके पास टिशू नहीं है तो अपनी आस्तीन या बांह में छींके या खांसे;
- वस्तुओं और सतहों को नियमित रूप से साफ और कीटाणुरहित करें; तथा
- यदि आप या आपके परिवार के सदस्य बीमार हैं, तो घर पर ही रहें

अधिक जानकारी

2019-nCoV के बारे में अधिक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

- **दी पब्लिक हेल्थ एजेंसी आफ कैनेडा** - https://www.canada.ca/en/public-health/services/diseases/2019-novel-coronavirus-infection.html
- ओंटारियो मनिस्टरी आफ हेल्थ - www.ontario.ca/coronavirus

हाल्टन रीजन **पब्लिक हेल्थ** स्थिति की निगरानी करने और उचित कार्रवाई करने के लिए मनिस्टरी आफ हेल्थ, **पब्लिक हेल्थ** ओंटारियो और लोकल हेल्थ देखभाल प्रदाताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखे हुए है। आगे चल कर **पब्लिक हेल्थ के बारे में पता करने** के लिए, कृपया **311, 905-825-6000** पर संपर्क करें या मुफ्त नम्बर **1-866-442-5116** पर फोन करें।

हमारे समुदाय का स्वास्थ्य और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नई जानकारी उपलब्ध होते ही हम आपको अपडेट करते रहेंगे।

डॉ हमीदाह मेघानी
मैडिकल आफीसर आफ हेल्थ, हाल्टन रीजन
27 जनवरी, 2020